## मुख्य विशेषताएं-मार्च 2020

- महामारी COVID-19 के खतरे के मद्देनजर,एनएचपीसी निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति प्रदान कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि सयंत्र 24 x 7 सुचारु रूप से तैयार हैं।
- एनएचपीसी ने अपने सीएसआर बजट से PM CARES फंड में 40 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।
- एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए भारत सरकार को 840.96 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।
- एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान हासिल की गई अपनी पिछली अधिकतम विद्युत उत्पादन 24193 मिलियन यूनिट को, वित्तीय वर्ष 2019-20 में 26000 मिलियन यूनिट के उत्कृष्ट एमओयू लक्ष्य से अधिक उत्पादन करते हुए, पार कर लिया है।
- 2019-20 के दौरान, 13 पावर स्टेशन यथा सलाल, चमेरा- I, उड़ी-I, उड़ी-II, तीस्ता लो डैम-III, तीस्ता लो डैम-IV, धौलीगंगा, टनकपुर, सेवा-II, तीस्ता-V, निम्मो बाज़गो, चुटक और किशनगंगा ने प्रचालन की शुरुआत से अब तक सर्वोच्च विद्युत उत्पादन किया है।
- दिबांग बहुद्देशीय परियोजना का चरण- II वन मंजूरी दिनांक 12.03.2020 को प्रदान की गई। क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी से टीएलडी- III पावर स्टेशन और टीएलडी-IV पावर स्टेशन के रिमोट नियंत्रित प्रचालन को सफलतापूर्वक संचालित किया गया।
- 500 मेगावाट की तीस्ता- VI जलविद्युत परियोजना के लॉट -2 के साथ-साथ लॉट-1 के मुख्य अनुबंध पैकेज को रिकॉर्ड समय में क्रमशः दिनांक 15.03.2020 और दिनांक 31.03.2020 को अवार्ड किया गया।

## मुख्य विशेषताएं- फरवरी 2020

- एनएचपीसी ने 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए 1860 करोड़ रुपए का कुल राजस्व प्राप्त किया है, जो कि पिछले राजस्व की इसी अवधि के 1691 करोड़ रुपए की तुलना में 10% अधिक है। कंपनी का राजस्व 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त हुए 9 महीनों के दौरान 7473 करोड़ रुपए रहा है जबकि 31 दिसंबर, 2018 को समाप्त हुए नौ महीनों की पिछली इसी अवधि के दौरान यह 6900 करोड़ रुपए था, परिणामस्वरूप इसमें 8% की वृद्धि दर्ज हुई।
- वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-2020 (23.02.2020 तक) में, एनएचपीसी ने अपनी स्थापना के बाद से अपने पिछले अधिकतम विद्युत उत्पादन 24193 मिलियन यूनिट को पीछे छोड़ते हुए 24209 मिलियन यूनिट का अधिकतम विद्युत उत्पादन प्राप्त किया है।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा फरवरी 2020 के महीने में 1130 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया। दिनांक 29.02.2020 तक संचयी विद्युत उत्पादन 24465 मिलियन यूनिट किया गया है।
- एनएचपीसी को दिनांक 19.02.2020 को "जलविद्युत के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली यूटिलिटी" के लिए सीबीआईपी अवार्ड 2020 से सम्मानित किया गया है।

- हैदराबाद में दिनांक 11.02.2020 को आयोजित विप्स की 30वीं राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, एनएचपीसी को सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के फोरम (विप्स) द्वारा "रेकग्निशन ऑफ विप्स एक्टिविटी अवार्ड, अ ट्रिब्यूट टू एक्सिलेंस इन पब्लिक इंटेरप्राइज़ मैनेजमेंट अंडर मिनि रत्न एंड अदर कैटेगरी" से सम्मानित किया गया है।
- श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आईटी एंड सी) को विप्स के 30वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान "कार्यपालक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ महिला कर्मचारी पुरस्कार " से सम्मानित किया गया।
- सीवीपीपीपीएल ने 24.02.2020 को 624 मेगावाट कीरू जलविद्युत परियोजना के सभी तीन कार्य पैकेजों का अवार्ड कर दिया है।

## मुख्य विशेषताएं- जनवरी 2020

- एनएचपीसी को जल विद्युत निगम लिमिटेड (120 MW रंगीत चरण-IV जलविद्युत परियोजना) की लेनदारों की समिति द्वारा सफल रिज़ॉल्यूशन आवेदक घोषित किया गया है। एनएचपीसी द्वारा दिए गए रिज़ॉल्यूशन प्लान को माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्युनल, हैदराबाद बेंच से मंजूरी अपेक्षित है ।
- निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 21.1.2020 को अत्याधुनिक "डाटा सेंटर" का उद्घाटन किया गया । यह डाटा सेंटर ईआरपी, ई-ऑफिस, लेगेसी सिस्टम और ईमेल के व्यापक डाटा संबंधी एनएचपीसी की उद्यमिता से जुड़े आधुनिक समय की उच्च-मात्रा वाली कंप्यूटर संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।
- एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय के सूचना प्रोद्यौगकी व संचार विभाग तथा डाटा सेंटर के लिए आईएसएमएस 27001: 2013 के अनुसार सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (ISMS) को क्रियान्वत किया है ।
- सलाल पावर स्टेशन ने अपनी कमीशनिंग के बाद से अब तक की सबसे अधिक 3592 एमयू (27.1.2020 की उपलब्धि) का उत्पादन दर्ज किया है ।
- माह जनवरी 2020 तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों की संचयी विद्युत उत्पादन 23,335 एमयू रहा है ।

## मुख्य विशेषताएं दिसंबर 2019

- डिजाइन एंड इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए एनएचपीसी और एनईए इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, नेपाल ने दिनांक 13.12.2019 को एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए ।
- एनएचपीसी टीमों ने क्रमशः आरईसी और बीबीएमबी द्वारा आयोजित 24वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन और 24वें इंटर सीपीएसयू वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पुरस्कार प्राप्त किए है ।
- एनएचपीसी ने सिलीगुड़ी में 22वें इंटर सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया ।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा दिसंबर 2019 के महीने तक 22156 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया गया है।

## मुख्य विशेषताएं- नवम्बर 2019

- चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान, एनएचपीसी ने गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में एकल शुद्ध लाभ में 9.93% की वृद्धि हासिल की पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए रूपए 1218.51 करोड़ के मुकाबले 1339.46 करोड़ रूपए एकल शुद्ध लाभ था ।
- एनएचपीसी ने एचआईडीसीएल (हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी इन्वेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड - नेपाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी) के साथ आशय-पत्र का आदान-प्रदान किया, जो नेपाल में जल विद्युत के विकास पर संयुक्त सहयोग के लिए 21 से 22 नवंबर, 2019 तक काठमांडू में आयोजित 'पावर समिट 2019' के दौरान किया गया।
- मूल्यांकन विकास केंद्र का उद्घाटन 14 नवंबर 2019 को एनएचपीसी कार्यालय, फरीदाबाद में किया गया जिसका उद्देश्य संगठन में उच्च भूमिका और जिम्मेदारियों को संभालने के लिए नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करना है।
- नवंबर 2019 के महीने तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी बिजली उत्पादन 20896 MU है।

## मुख्य विशेषताएँ-नवंबर 2019

- एनएचपीसी ने 7 नवंबर को अपना 45 वां स्थापना दिवस मनाया और राष्ट्र के लिए 44 साल पूरे किए। कॉरपोरेट ऑफिस में उत्सव का आयोजन वेटलिफ्टिंग ऑडिटोरियम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में किया गया था। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (आई / सी), ऊर्जा मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया ।
- 15 अक्टूबर 2019 से सुबनसिरी लोअर प्रोजेक्ट बांध का निर्माण शुरू हो गया है और लगभग 6000 m3 कंक्रीट पहले ही रखा जा चुका है।
- 4 अक्टूबर 2019 को, एनएचपीसी ने लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) के अधिग्रहण और संकल्प के लिए अनुमोदित संकल्प योजना के कार्यान्वयन के लिए निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी ने भारत के इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स द्वारा लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 16 वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में पॉवर जनरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन और ट्रांसमिशन में दूसरा स्थान हासिल किया।
- सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी बिजली उत्पादन अक्टूबर 2019 के महीने तक 19485 एमयू है।

## मुख्य विशेषताएँ-अक्तूबर 2019

- 449 मेगावाट की दूगर एच.ई. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए । एमओयू पर हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (एमपीपी एंड पावर) ने 25.09.2019 को शिमला में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में।हस्ताक्षर किए ।
- NHPC की 43 वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) 23 सितंबर 2019 को फरीदाबाद में आयोजित की गई । इस बैठक ने प्रबंधन को शेयरधारकों के साथ बातचीत करने और उन्हें एनएचपीसी के नवीनतम उद्यमों के बारे में अवगत कराने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

- एनएचपीसी के बोर्ड ने बाहरी वाणिज्यिक उधार के माध्यम से 2,500 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी बिजली उत्पादन सितंबर 2019 के महीने तक 17695 एमयू है।

## मुख्य विशेषताएँ – सितंबर 2019

- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 23 अगस्त 2019 को गुवाहाटी में असम सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी ने 27 अगस्त 2019 को गुवाहाटी में उत्तर पूर्व राज्यों में बिजली की समीक्षा पर एक बैठक की मेजबानी की। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)और कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री श्री आर. के. सिंह ने की।
- सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना से बिजली की आपूर्ति के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार और एनएचपीसी के बीच एक बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, एनएचपीसी ने गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में एकल शुद्ध लाभमें 19% की मजबूत वृद्धि हासिल की पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए रूपए 738 करोड़ के मुकाबले 881 करोड़ रूपए एकल शुद्ध लाभ था ।
- सलाल पावर स्टेशन ने 690 मेगावाट की स्थापित क्षमता के मुकाबले 743 मेगावाट बिजली (कमीशन के बाद से उच्चतम) उत्पन्न की।
- 25.08.2019 को पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की यूनिट- III और IV की मैकेनिकल स्पीनिंग की गई ।
- कार्यकुशलता बढ़ाने और कागज़ रहित कार्य eOffice (इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस) सिस्टम शुरू किया गया है ।
- अगस्त 2019 के महीने तक सभी NHPC पावर स्टेशनों की संचयी बिजली उत्पादन 15085 MU है।

## मुख्य विशेषताएँ- अगस्त- 2019

- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए गुवाहाटी में 23 अगस्त 2019 को एनएचपीसी का असम सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक निदेशक (तकनीकी) और कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी लोअर परियोजना) के साथ असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल से 23.08.2019 को मुलाकात की और उन्हें परियोजना की स्थिति से अवगत कराया । माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।
- एनएचपीसी ने उत्तर पूर्व राज्यों में बिजली की समीक्षा पर 27 अगस्त 2019 को गुवाहाटी में एक बैठक की मेजबानी की । बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और कौशल विकास और उद्यमिता श्री आर के सिंह ने की।
- सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना से 27 अगस्त 2019 को बिजली की आपूर्ति के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार और एनएचपीसी के बीच एक विद्युत क्रय समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।

- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, एनएचपीसी ने गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में एकल शुद्ध लाभ में 19% की मजबूत वृद्धि हासिल की । पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए रुपए 738 करोड़ के मुकाबले 881 करोड़ रुपए एकल शुद्ध लाभ था।
- सलाल पावर स्टेशन ने 690 मेगावाट की स्थापित क्षमता के मुकाबले 743 मेगावाट (कमीशन के बाद से उच्चतम) विद्युत उत्पन्न की।
- 25.08.2019 को पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की यूनिट- III और IV की मैकेनिकल स्पीनिंग की गई।
- कार्यकुशलता बढ़ाने और कागज रहित कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए, eOffice (इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस) सिस्टम शुरू किया गया है ।
- निगम में 16 से 31 अगस्त 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा 2019 का आयोजन किया गया ।
- अगस्त 2019 के महीने तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी बिजली उत्पादन 15085 मिलियन यूनिट है।

## मुख्य विशेषताएँ- जुलाई 2019

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच ने सुबनसिरी लोअर जल विद्युत परियोजना के लिए पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति को बरकरार रखा है और यह भी माना है कि यह परियोजना सार्वजनिक हित को आगे बढ़ाने के लिए है।
- लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड के लिए एनएचपीसी की बोली को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है।
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के लिए पूर्व-निवेश गतिविधियों और विभिन्न अन्य मंजूरियों पर खर्च के लिए 1600 करोड़ रुपए की राशि के लिए अनुमोदन दे दिया है।
- पार्बती- II परियोजना की इकाई I और II एवं बैरा स्यूल पावर स्टेशन की इकाई- III को ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रनाइज़ किया गया है।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से संचयी विद्युत उत्पादन जुलाई 2019 तक 11879 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएँ जून 2019 के माह की

- वर्ष 2019-20 के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर
- परियोजनाओं के निकट रहने वाले परियोजना प्रभावित परिवारों और स्थानीय लोगों के लिए स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर अवार्ड किए जाने वाले कार्यों के आरक्षण के लिए एनएचपीसीद्वारा नीति जारी
- 14 जून, 2019 को भारतीय जलविद्युत क्षेत्र के बारे में ओटावा, कनाडा में इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम (आईकोल्ड) की आम सभा में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा संबोधन
- वर्ष 2019-20 के लिए एनएचडीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- एनएचपीसी कार्यालय परिसर, फरीदाबाद के नीर शक्ति सदन को गृहा कौंसिल, एमएनआरई और टेरी की संयुक्त पहल द्वारा फोर स्टार गृहा रेटिंग (फाइनल) से सम्मानित
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का संचयी विद्युत उत्पादन जून 2019 के महीने तक 8485 मिलियन यूनिट

## मुख्य विशेषताएं- मई 2019

- वित्त वर्ष 2018-19 में पावर स्टेशन के प्रचालन से एनएचपीसी की कुल आय 17% तक बढ़कर 8161.18 करोड़ हो गई है। पिछले वित्त वर्ष के 2769.03 करोड़ रूपए के मुकाबले वित्त वर्ष 2018-19 में शुद्ध लाभ 2630.55 करोड़ रूपए रहा । चौथी तिमाही में हमारे लाभ में 146% की वृद्धि हुई है। निदेशक मंडल ने भी 7.5% के अंतिम लाभांश यानी 0.75 रुपए प्रति शेयर की सिफारिश की है ।
- 30 मई, 2019 को मुंबई में एक विश्लेषक बैठक आयोजित की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कंपनी के निष्पादन की मुख्य विशेषताओं को साझा किया गया। इंटरएक्टिव मीटिंग में विश्लेषकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और उनके प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर दिए गए ।
- श्री अजय कुमार भल्ला, सचिव (विद्युत) के साथ अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना तथा दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का दौरा किया। उन्होने परियोजनाओं के सभी स्थलों का दौरा किया एवं परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। सचिव (विद्युत) ने सभी कार्मिकों को आश्वासन दिया कि परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए पूर्ण रूप से सहायता प्रदान की जाएगी ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 10 से 13 मई 2019 तक कोटलीभेल परियोजना सहित गंगा बेसिन के विभिन्न परियोजना स्थलों का दौरा किया और इन परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- स्वच्छता पखवाड़ा 2019 का आयोजन 16 से 31 मई, 2019 के दौरान एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर सफलतापूर्वक किया गया।
- 31 मई, 2019 को एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया ।
- मई, 2019 के महीने में सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का संचयी विद्युत उत्पादन 5412.2 एमयू रहा है।

## मुख्य विशेषताएं- अप्रैल 2019

- एनएचपीसी ने टर्नकी आधार पर भारत में विभिन्न स्थानों पर ‘भूमिगत कैवर्न और अर्ध-भूमिगत बंकरों के निर्माण’ के लिए भारतीय सेना के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।
- सभी हाइड्रो पीएसयू की ओर से पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में 'भारत के वीर' कोष के लिए 4.22 करोड़ रूपए का योगदान दिया गया। इस कोष में एनएचपीसी का योगदान 1.85 करोड़ रूपए था।
- जल संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में इंजीनियरिंग योगदान के लिए इंडियन वॉटर रिसोर्स सोसाइटी (आईडब्ल्यूआरएस), रुड़की द्वारा श्री बलराज जोशी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड को ‘प्रख्यात वॉटर रिसोर्स इंजीनियर पुरस्कार - 2018 ’ से सम्मानित किया गया।
- सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का संचयी विद्युत उत्पादन अप्रैल 2019 के महीने में 2577 मिलियन यूनिट हुआ है।